THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"

DATE- 9/11/2023 GRADE- 10 AB	MT -3 [2023 -24] HINDI [2ND Language]	Max marks- 20 Time – 50 Minutes

सामान्य निर्देश :

1. निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए |

2. प्रश्नों के उत्तर अंक अनुसार व क्रमानुसार दीजिए |

खंड – 'अ'- वस्तुपरक प्रश्न

1.	**नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए**	3
	जो विद्या की इच्छा रखता है, वह विद्यार्थी है। मनुष्य जीवन भर कुछ न कुछ सीखने की इच्छा रखता है। इस दृष्टि से वह सदैव विद्यार्थी रहता है, किन्तु स्थूल रूप से मानव जीवन में विद्यार्थी काल बहुत लंबा नहीं है। यह मनुष्य के जीवन का स्वर्णिम काल है। विद्यार्थी जीवन हँसने-हँसाने का समय है। खेल-खेल में पढ़ाई का अभ्यास इसी उम्र में होता है। माता-पिता लाड़-प्यार करते हैं। परिवारजन स्नेह की वर्षा से अबोध मन को गुदगुदाते हैं। नित नए मित्र बनते हैं, छेड़-छाड़ चलती है। कभी-कभी बात बढ़ जाती है और नौबत मार-पीट, हाथापाई तक आ जाती है, परन्तु सारा द्वेष. समस्त क्रोध, सारी कड़वाहट दूसरे पल ही नष्ट हो जाती है। आज जिससे लड़े कल उसी के साथ बैठ मीठी-मीठी बातें करने का दृश्य दिखाई देता है। खाने-पीने और मौज उड़ाने का यह मस्ताना मौसम चाहे कितना छोटा क्यों न हो, लुभावना और सुहावना होता है। **i. प्रस्तुत अंश में जोर दिया गया है-** क) विद्यार्थी जीवन की विशेष मानसिकता पर ख) चरित्र निर्माण पर ग) अनुशासन पर घ) स्कूली शिक्षा पर **ii. विद्यार्थी जीवन मोहक है क्योंकि:** क) परिवार, विद्यालय एवं मित्रों के बीच सर्वत्र आत्मीय वातावरण विद्यमान रहता है।	

	ख) किसी प्रकार के अनुशासन की अपेक्षा नहीं होती। ग) अल्पकालिक है। घ) प्रत्येक इच्छा माता-पिता द्वारा पूरी की जाती है। **iii. विद्यार्थी जीवन का आपसी लड़ाई-झगड़ा जल्दी समाप्त हो जाने का कारण है:-** क) अकेले रह जाने का आतंक ख) बचपन से ही अनुशासन सिखाया जाता है। ग) मन का सरल, निष्कपट भावना घ) अध्यापक द्वारा दण्डित किये जाने का भय **iv. मनुष्य सदैव विद्यार्थी है क्योंकि:-** क) वह ऊँचे से ऊँचे पद पर पहुँचना चाहता है। ख) उसका अहंकार शांत होता है। ग) वह सदैव कुछ नया सीखने की इच्छा रखता है। घ) वह बड़ी से बड़ी डिग्री हासिल करना चाहता है। **v. कथन (A): विद्यार्थी जीवन मानव जीवन का स्वर्णिम काल है।** **कारण (R): मनुष्य विद्या की इच्छा रखता है इसलिए वह विद्यार्थी है।** क) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है। ख) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ग) (A) असत्य है परन्तु (R) सत्य है। घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही असत्य	
2	**निर्देशानुसार समास पर आधारित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** 1. ‘रसोईघर’ में कौन सा समास है? क. तत्पुरुष समास ख. द्वंद समास ग. बहुव्रीहि समास घ. अव्ययीभाव समास	2

	2. 'यथाशीघ्र' में कौन सा समास है? क. तत्पुरुष समास ख. अव्ययीभाव समास ग. कर्मधारय समास घ. द्विगु समास	
3	**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन पंक्तियों में दीजिए-** 1.विपदाओं से मुझे बचाओ, यह मेरी प्रार्थना नहीं' -कवि इस पंक्ति के द्वारा क्या कहना चाहता है? इस पंक्ति में कवि यह कहना चाहता है कि हे परमात्मा! चाहे आप मुझे दुखों व मुसीबतों से न बचाओ परंतु इतनी कृपा अवश्य करना कि दुख व मुसीबत की घड़ी में भी मैं घबराऊँ नहीं अपितु उन चुनौतियों का डटकर मुकाबला करूँ। उसकी प्रभु से यह प्रार्थना नहीं है कि प्रतिदिन ईश्वर भय से मुक्ति दिलाएँ तथा आश्रय प्रदान करें। वह तो प्रभु से इतना चाहता है कि वे शक्ति प्रदान करें। जिससे वह निर्भयतापूर्वक संघर्ष कर सके। वह पलायनवादी नहीं है, न ही डरपोक है, केवल ईश्वर का वरदहस्त चाहता है। 2.शुद्ध सोना और गिन्नी का सोना अलग क्यों होता है? शुद्ध सोना और गिन्नी का सोना अलग होता है, क्योंकि गिन्नी के सोने में थोड़ा-सा ताँबा मिलाया जाता है इसलिए | वह ज्यादा चमकता है और शुद्ध सोने से मज़बूत भी होता है। शुद्ध सोने में किसी भी प्रकार की मिलावट नहीं होती। 3.जापान में जहाँ चाय पिलाई जाती है, उस स्थान की क्या विशेषता है? जापान में जहाँ चाय पिलाई जाती है, वह स्थान पर्णकुटी जैसा सजा होता है। वहाँ बहुत शांति होती है। प्राकृतिक ढंग से सजे हुए इस छोटे से स्थान में केवल तीन लोग बैठकर चाय पी सकते हैं। यहाँ अत्यधिक शांति का वातावरण होता है।	2x3=6
4	**संकेत बिदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 80- शब्दों में एक अनुच्छेद लिखें।** बच्चों की शिक्षा में माता-पिता की भूमिका · शिक्षा और माता-पिता · शिक्षा की महत्ता · उत्तरदायित्व	5

	· शिक्षाविहीन नर पशु समान। या जीवन में सरसता लाते त्योहार · त्योहारों का देश भारत · नीरसता भगाते त्योहार · त्योहारों के लाभ · त्योहारों पर महँगाई का असर।	
5	**दूरदर्शन अधिकारी को कार्यक्रमों में सुधार हेतु सुझाव के लिए ईमेल लिखिए।**	4